FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

जज अदालत **उपखण्ड अधिकारी** मुकाम **मलसीसर**

महावीर प्रसाद बनाम **सरकार वगै0**

किस्म मुकदमा : प्रार्थना पत्र अ0 धारा 136 राज. भू–राजस्व अधि0 मु0न0 **93** सन् **2025**

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
07.08.2025	आज यह प्रार्थना पत्र प्रार्थी की ओर से एडवोकेट मो0 रशीद खान द्वारा बाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। अप्रार्थीगण को जरिये सम्मन तलवाना मय नकल प्रार्थना पत्र रजिस्टर्ड एडी से जारी होकर पत्रावली वास्ते तलवी आईन्दा दिनांक 20.08.2025 को पेश हो। पं0	
20/8/25	पत्रावली पेश हुई। आज अभिभाषकगण न्यायालयों में कार्य नहीं कर रहे हैं। अतः पत्रावली गत आदेशानुसार आयन्दा दिनांक 27/8/25 को पेश हो	
27/8/25	वकुलाय उप0। अप्रार्थी की तलवी करवाई जा चुकी है। पत्रावली वास्ते आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 3/9/25 को पेश हो। पं0	
3/9/25	पत्रावली पेश हुई। आज अभिभाषकगण न्यायालयों में कार्य नहीं कर रहे हैं। अतः पत्रावली गत आदेशानुसार आयन्दा दिनांक 24/9/25 को पेश हो	
24/9/25	**पत्रावली पेश हुई। आज अभिभाषकगण न्यायालयों में कार्य नहीं कर रहे हैं।** अतः पत्रावली गत आदेशानुसार आयन्दा दिनांक 15/10/25 को पेश हो	
15/10/25	वकुलाय उपस्थित। वकील प्रार्थी के निवेदन पर बहस सुनी गई। दौराने बहस विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर जमीन जैर बहस ख0न0 460/114, 461/114, 462/114 कुल किता 3 कुल रकबा 6.60 है0वाके ग्राम कंकड़ेऊ कलां के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का दर्ज नाम महावीर पुत्र चन्द्राराम के स्थान पर सही, सत्य व दस्तावेजी नाम महावीर प्रसाद पुत्र चन्द्राराम दर्ज करने का निवेदन किया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। प्रार्थी की ओर से राजस्व रिकार्ड ग्राम कंकड़ेऊ कलां के ख0न0 460/114, 461/114, 462/114 में महावीर पुत्र चन्द्राराम के स्थान पर महावीर प्रसाद पुत्र चन्द्राराम दर्ज करने का अनुतोष चाहा गया है। प्रार्थी के दस्तावेजात में प्रार्थी का नाम महावीर प्रसाद पुत्र चन्द्राराम दर्ज है। प्रार्थी के स्वयं के शपथ पत्र एवं उपलब्ध रिकार्ड/दस्तावेज के आधार पर प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित एवं न्यायोचित प्रतीत होता है।	

रामप्रकाश आदि

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	आदेश अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर जमीन जैर बहस ख0न0 460 / 114, 461 / 114, 462 / 114 कुल किता 3 कुल रकबा 6.60 है0 वाके ग्राम कंकड़ेऊ कलां के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का दर्ज नाम महावीर पुत्र चन्द्राराम के स्थान पर महावीर प्रसाद पुत्र चन्द्राराम दर्ज कर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने का आदेश दिया जाता है। आदेश की प्रति पालनार्थ तहसीलदार को भेजी जावे। प्रार्थना पत्र फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं बाद तकमिल जाप्ता दाखिल दफ्तर हो।	